समाहरणालय, पटना

(जिला प्रोग्राम कार्यालय, ICDS)

विज्ञापन संख्या–01/25

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/1882/23 दिनांक–09.08.2023 द्वारा **मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना** के अंतर्गत पालनाघर का संचालन किया जाना है। वर्तमान में समाहरणालय पटना में पालनाघर के संचालन हेतु विभागीय मार्गदर्शिका के कंडिका–10 एवं 11 में वर्णित प्रावधान के अनुरूप कर्मियो (श्रमबल) के चयन का निदेश प्राप्त है।

पालना घर के संचालन हेतु स्वीकृत श्रमबल का चयन जिला पदाधिकारी, पटना की अध्यक्षता अथवा उनके द्वारा नामित पदाधिकारी की गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के उक्त पत्र में पालना घर के संचालन हेतु क्रेच वर्कर का एक पद एवं सहायक क्रेच वर्कर का एक पद सृजित किया गया है। जिसमे संविदा आधारित नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

स्वीकृत रिक्त पदों के लिए अर्हताएँ एवं नियोजन हेतु योग्यता निम्नवत् होगी :–

क्र0	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	योग्यता/ अर्हताएं/अनुभव	मानदेय	अभ्युक्ति
1.	क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित)	01	**शैक्षणिक योग्यता**– स्नातक उतीर्ण । **अनुभवः**–बच्चों के साथ किसी भी संस्थान /स्कूल /आँगनबाड़ी /प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव । **उम्र**– न्यूनतम–21 वर्ष, अधिकतम–40 वर्ष।	14,730.00 प्रति माह	पद संविदा आधारित है।
2.	सहायक क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित)	01	**शैक्षणिक योग्यता**–बारहवी पास अथवा इंटरमीडिएट । **अनुभवः**– बच्चों की देख–रेख संबंधित कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। **उम्र**– न्यूनतम–18 वर्ष, अधिकतम–40 वर्ष।	11,640.00 प्रति माह	पद संविदा आधारित है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र में स्वअभिप्रमाणित सभी अनुलग्नकों के साथ ई–मेल आई0डी0– dpo.pat.icds@gmail.com एवं निबंधित डाक से नोडल पदाधिकारी सह– जिला प्रोग्राम कार्यालय आई0सी0डी0एस0, समाहरणालय, पटना, द्वितीय तल, कमरा नं0–204, गाँधी मैदान, पटना–800001 के पते पर भेज सकते है।

चयन प्रकिया से संबंधित तिथियों की विवरणी निम्नवत हैः–

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :–31.01.2025 अपराह्न 5 बजे तक स्वीकार किया जाएगा।
2. अभ्यर्थी का चयन हेतु अधिकतम कुल 100 अंक निर्धारित किया गया है।

   क्रेच वर्कर–निर्धारित शैक्षणिक योग्यता स्नातक में प्राप्त अंको के आधार पर कुल अधिकतम 60 अंक दिये जायेंगे। अंको की गणना स्नातक में प्राप्त अंकों के समानुपातिक किया जायेगा। 03 वर्ष निर्धारित कार्य अनुभव के पश्चात् अगले प्रत्येक एक वर्ष के लिए 05 अंक एवं अधिकतम 15 अंक दिये जायेगें तथा साक्षात्कार के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।

   सहायक क्रेच वर्कर–निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट में प्राप्त अंको के आधार पर कुल अधिकतम 60 अंक दिये जायेगें। अंको की गणना इंटरमीडिएट में प्राप्त अंको के (अतिरिक्त विषय को छोड़कर) समानुपातिक किया जायेगा। प्रत्येक एक वर्ष के अनुभव के लिए 05 अंक एवं अधिकतम 15 अंक दिये जायेंगे तथा साक्षात्कार के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित है।
3. निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा, साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित ईमेल आई0डी0 पर एवं जिला के बेबसाईट पर दी जायेगी। किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
4. मानदेय का भुगतान विभागीय प्राप्त आवंटन एवं दिशा निर्देश के आलोक मे किया जायेगा।
5. प्रमाण पत्रों की जाँच, साक्षात्कार की तिथि एवं अन्य सूचना की जानकारी पटना जिला की बेबसाइट https:// patna.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी,
पटना।

Scanned with CamScanner

आवेदन–प्रपत्र

विज्ञापन संख्याः–.............................

अनुलग्नक–3

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नामः ....
2. अभ्यर्थी का नामः ....
3. जन्म तिथि : ....
4. माता का नामः ....
5. पिता/पति का नामः ....
6. आधार कार्ड नंबरः ....
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ....
....
8. पत्राचार का पताः ....
....

9. श्रेणीः सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाईल नंबरः ....
11. ई–मेल आईडीः ....
12. शैक्षणिक विवरणीः–

क्र.सं.	शिक्षा	विषय	उत्तीर्णता का वर्ष	प्राप्तांक	प्रतिशत	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम
(i)	मैट्रिक					
(ii)	इंटर					
(iii)	स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय)					
(iv)	स्नातकोत्तर					
(v)	पीएचडी/अन्य					
(vi)	कंप्यूटर योग्यता					
(vii)	व्यवसायिक प्रशिक्षण					
(viii)	अन्य					

13. कार्य अनुभव :–

क्र.सं.	संस्थान का नाम	पदनाम	कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन	कार्य विवरणी
(i)				
(ii)				
(iii)				

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची :–

(i)		(vi)	
(ii)		(vii)	
(iii)		(viii)	
(iv)		(ix)	
(v)		(x)	

घोषणाः–उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांकः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner